Web site: www.rssrashtriya.org E- mail: rss.rashtriya@gmail.com

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)

कार्यालय : 82, पटेल कॉलोनी, गवर्नमेन्ट प्रेस के पास, सरदार पटेल मार्ग, जयपुर–302001

संरक्षक : सर्वश्री राजनारायण शर्मा, उमराव लाल वर्मा, रामावतार शर्मा, प्रहलाद शर्मा

(Regd. &Recognised by Govt. & Affiliated to ABRSM, AIPTF, AISTF, E.I. & RRKM)

रमेश चन्द्र पुष्करणा	अशोक कुमार शर्मा	घनश्याम	महेन्द्र कुमार लखारा
अध्यक्ष	सभाध्यक्ष	संगठन मंत्री	महामंत्री
मो. 94600–57712	मो. 94147–96455	मो. 94606–13672	मो. 94602–09114

क्रमांक: रा.शि.संघ (राष्ट्रीय)/महामंत्री/0133 दिनांक- 04/01/2024

माननीय मुख्यमंत्री महोदय
राजस्थान सरकार।

विषय :- 22 जनवरी 2024 को राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के क्रम में ।

महोदय,

उपरोक्त विषय अंतर्गत निवेदन है कि लगभग 500 वर्ष बाद रामलला का अपने जन्म स्थान पर प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जो की दीपावली त्यौहार से किसी भी प्रकार से कम नहीं है।

इसको लेकर घर-घर मंदिर मंदिर दीपक जलाए जाएंगे,भजन-कीर्तन, पूजा, सजावट आदि का दिनभर उत्सव जैसा वातावरण रहेगा। जिसमें बच्चे, महिलाएं,पुरुष,आम नागरिकों की पूर्ण भागीदारी रहने वाली है। हर घर में एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम गुंजायमान होने जा रहा है। जिसका साक्षी राज्य का प्रत्येक निवासी भी होगा।

अपने राज्य के समस्त शिक्षक एवं उनके परिवारजन भी 22 जनवरी 2024 को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित है, तथा इस कार्यक्रम के पूर्णता से साक्षी बनना चाहते हैं। देश में उक्त कार्यक्रम सनातन संस्कृति का अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होने जा रहा है। जिसमें संपूर्ण समाज एकजुट होगा, एकात्मता के सूत्र में बंधेगा।

अतः श्रीमान से संगठन आग्रह करता है कि 22 जनवरी 2024 को राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए, ताकि देश के साथ-साथ राज्य के प्रत्येक शिक्षक, विद्यार्थियों सहित परिवार सहित अपने हृदय में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्श मर्यादा संस्कार को आत्मसात कर सके । साथ ही लाइव कवरेज का लाभ प्रत्येक राज्यवासी को मिल सके।

सादर।

(महेंद्र कुमार लखारा)
प्रदेश महामंत्री
राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)